हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 15 नवंबर 2025

04 मुख्य बाजार में 15 मीटर चौड़ी सड़क देने निगम ने ...



07 सदर विधायक ने किया क्षेत्र का भ्रमण अडवाहा में...





### एसआईआर के बारे में वृहद स्तर पर लोगों में जागरुकता लाने का कार्य किया जाए

# कोई भी पात्र मतदाता न छूटे, उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो : बिनोद कुमार

**भारत निर्वाचन आयोग के सचिव ने एसआईआर की समीक्षा की गई**

**मतदाताओं की मेपिंग का कार्य तेज गति से किया जाए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नलखेड़ा

भारत निर्वचान आयोग के सचिव बिनोद कुमार और अपर सचिव मनीष कुमार द्वारा मतदाता सूचि के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक बुधवार को प्रशासनिक संकूल भवन के द्वितीय तल स्थित सभाकक्ष में की गई। बैठक में सचिव बिनोद कुमार द्वारा उज्जैन संभाग के उज्जैन और आगर मालवा जिले में चल रहे एसआईआर की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उज्जैन रोशन कुमार सिंह, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आगर-मालवा प्रीति यादव, अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप सिंह, अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा और उज्जैन और आगर-मालवा जिले के समस्त ईआरओ (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) उपस्थित थे।

- आगर मालवा जिले की समीक्षा की

सचिव बिनोद कुमार द्वारा आगर मालवा जिले की समीक्षा की। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति यादव ने आगर-मालवा जिले के संसदीय क्षेत्र, विधानसभा क्षेत्र, मतदान केंद्र , कुल मतदाता, और एसआईआर के अंतर्गत की गई कार्यवाही के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसआईआर के संबंध में पत्रकार वार्ता और राजनैतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन किया जा चुका है। साथ ही मास्टर ट्रेनर, ईआरओ / एईआरओ व बीएलओ का प्रशिक्षण भी सम्पन्न हो चुका है। विगत 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक बीएलओ का 50-50 के समूह में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। विगत 12 नवंबर तक शत प्रतिशत गणना पत्रक का मुद्रण पूर्ण होकर प्राप्त हो चुके हैं। इनका वितरण और डीजिटाईजेशन का कार्य प्रगतिरत है। मतदाताओं कि मेपिंग के संबंध में सचिव कुमार ने निर्देश दिए कि मेपिंग का कार्य तेज गति से पूर्ण किया जाए। एसआईआर के बारे में वृहद स्तर पर लोगों को जागरुक किया जाए। इसके लिए स्वीप गतिविधियां आयोजित की जाए और एसआईआर का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए।

सचिव कुमार द्वारा जिन पोलिंग स्टेशन में मेपिंग कम हुई है वहां शीघ्र अतिशीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बीएलओ द्वारा संचालित किए जा रहे ऐप में नेटवर्क की समस्या के निराकरण के लिए वाईफाई की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उज्जैन रोशन कुमार सिंह के द्वारा उज्जैन जिले के विधानसभा क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि वर्तमान में उज्जैन जिले में कुल 15 लाख 96 हजार 103 मतदाता हैं। कलेक्टर द्वारा एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत की गई कार्यवाही के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि क्लस्टर लेवल पर मतदाताओं की सुविधा के लिए फेसिलिटेशन सेंटर्स व हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। एसआईआर कार्य में सुगमता के लिए विभिन्न स्तर पर जन जगरुकता के लिए कार्यवाही निरंतर की जा रही है। बैनर, पोस्टर होर्डींग्स और दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। नागदा के औद्योगिक क्षेत्र में एसआईआर के बारे में फेक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों को विस्तार से जानकारी दी जा रही है। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में प्रेस वार्ता और राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की जा चुकी है। शहरी क्षेत्रों में प्रतिदिन कचरा संग्रहित करने के लिए जाने वाले वाहनों के माध्यम से एसआईआर के बारे में जानकारी नागरिकों को प्रदान की जा रही है।

सचिव ने निर्देश दिए कि मतदाताओं की मेंपिंग व डीजिटाईजेशन के कार्य की प्रगति की समीक्षा प्रतिदिन की जाए। स्थानीय भाषा में भी डीजिटाईजेशन और एसआईआर के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान की जाए। इसके छोटे-छोटे वीडियों और रील्स बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाए। सचिव ने उज्जैन और आगर मालवा जिले के ईआरओ व बीएलओ से भी चर्चा की जिन क्षेत्रों में मेपिंग कम हुई है वहां मेपिंग का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए और इसे पूर्ण गंभीरता के साथ किए जाने के लिए कहा तथा इसकी प्रतिदिन मानीटरिंग भी करने के निर्देश दिए। सचिव ने कहा कि लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सुची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। मतदाता सुची के शुद्धिकरण के लिए यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। शुद्ध मतदाता सुची द्वारा ही लोकतंत्र का सशक्तिकरण होगा। इसलिए इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। मतदाताओं को किसी भी तरह की असुविधा ना हो कोई भी पात्र मतदाता न छुटे और कोई भी अयोग्य व्यक्ति सुची में शामिल न हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। बीएलओ आपसी सहयोग और समन्वय के साथ कार्य करे। समस्त ईआरओ उनके अधिकार क्षेत्र में निरंतर भ्रमण करे और एसआईआर कार्यक्रम की सतत मॉनीटरिंग करे।

उल्लेखनीय है कि मतदाता सुची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर 2026 के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की नवीन वेबसाइट पर लॉग इन कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ द्वरा घर-घर जाकर सर्वेक्षण का कार्य आगामी 4 दिसंबर तक किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए टोल फी नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार मतदाता सुची का प्रारुप (ड्राफ्ट प्रकाशन) आगामी 9 दिसंबर को किया जाएगा। इसके पश्चात आगामी 31 जनवरी तक दावें और आपत्तिया प्राप्त कर निराकरण किया जाएगा। अंतिम मतदाता सुची का प्रकाशन आगामी 7 फरवरी को किया जाएगा।

बूथ लेवल अधिकारी (इछड) घर-घर जाकर मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाताओं को प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) उपलब्ध करायेंगे। प्रत्येक मतदाता से अनुरोध है कि वे गणना प्रपत्र में आवश्यक जानकारी भरकर तथा घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए, यथाशीघ्र संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं। मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 9 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा। जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र वापस प्राप्त नहीं होंगे, उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। यदि किसी पात्र मतदाता का नाम प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित होने में छूट जाता है, तो फार्म-6 और डिक्लेरेशन द्वारा समुचित दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है।



### बीएलओ यह कार्य करेंगे

बीएलओ अभियान के अंतर्गत सर्वेक्षण के लिए आपके घर आएंगे। वर्तमान मतदाता सूची के विवरण से भरे हुए गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) दो प्रतियों में आपको देंगे, आपका फॉर्म भरने में मार्गदर्शन करेंगे। आपके द्वारा चाही गई जानकारी के साथ भरे हुए गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) को एकत्रित करेंगे, तथा आपको पावती देंगे।

**आप क्या करें-** दोनों प्रतियों में फॉर्म भरें (पहले से भरी हुई जानकारी के अतिरिक्त)। गणना प्रपत्र में अपना नवीनतम रंगीन फोटो लगाएं। जरूरी जानकारी गणना प्रपत्र में भरकर दें। फॉर्म अपलोड से संबंधित अन्य सहयोग के लिए बीएलओ से संपर्क करें। फॉर्म इछड को वापस दें और प्राप्ति रसीद जरूर लें। इछड अपने साथ निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पहचान-पत्र लेकर आएंगे, जिससे आप उन्हें पहचान सकें।

## भाजपा ने बिहार की प्रचंड जीत पर आतिशबाजी कर मनाई खुशी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नलखेड़ा

शुक्रवार को बिहार विधानसभा के चुनाव परिणाम में एनडीए को मिली प्रचंड जीत के बाद स्थानीय भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर खुशियां मनाई गई। शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव की मतगणना हुई। प्रारम्भ से ही रुझानों में एनडीए आगे चल रहा था जैसे जैसे सीटें बढ़ती गई वैसे वैसे भाजपा कार्यकर्ता खुशियां मनाने लगे। दोपहर 1 बजे स्थानीय शिवाजी चौराहे पर इस प्रचंड जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर खुशियां मनाई गई एवं एक दूसरे को बधाई दी।

इस अवसर पर जिला मंत्री व मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया, महिला मोर्चा जिला महामंत्री साक्षी सकलेचा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष दुर्गेश पाटीदार, पूर्व नप अध्यक्ष प्रेम राठौर, मंडल महामंत्री बीरमलाल मालवीय, मोहन नागर, भाजपा महिला जिला महामंत्री अर्चना नागर, नरेंद्र वेदिया, अमित तातेड़, अनुज ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस मौके पर वेदिया ने कहा कि बिहार में ऐतिहासिक विजय मोदी के नेतृत्व पर जनता का प्रचंड विश्वास है। बिहार चुनाव में एनडीए गठबंधन की शानदार जीत ने यह साबित कर दिया कि सुशासन विकास और जनसेवा पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और नेतृत्व को बिहार की जनता ने फिर भारी समर्थन देकर स्वीकार किया है।



## कमला सागर विद्यालय की शिक्षिका का राज्य स्तर के लिए चयन, कहानी लेखन में प्राप्त किया द्वितीय स्थान

नलखेड़ा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय नेहरू युवा उत्सव की कहानी लेखन प्रतियोगिता में कमला सागर विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका पाटीदार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति और सशक्त लेखन शैली ने निर्णायक मंडल को विशेष रूप से प्रभावित किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें यह सम्मानजनक स्थान मिला। अब वे 16 नवंबर को भोपाल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो विद्यालय के लिए गर्व का अवसर है।



**तम्बाकू मुक्त युवा अभियान अंतर्गत किया जागरूक**

## युवाओं ने तम्बाकू मुक्त जीवन की शपथ लेकर तम्बाकू से दूर रहने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कानड़

तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कानड़ तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित किया गया। कलेक्टर प्रीति यादव और सीएमएचओ डॉ दिनेश दलवार के मार्गदर्शन में डॉ. धर्मेंद्र बीजापारी दंत चिकित्सा अधिकारी, लाला राम मेहर माध्यमिक शिक्षक द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालयीन छात्रों एवं किशोरों को तम्बाकू उत्पादों से होने वाले हानिकारक प्रभावों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। डॉ. धर्मेंद्र बीजापारी एवं स्कूल प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने छात्रों को तम्बाकू सेवन से उत्पन्न मुख कैंसर, दांतों के दाग, मसूड़ों की बीमारी और दंत क्षरण जैसी समस्याओं के बारे में जागरूक किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने तम्बाकू मुक्त जीवन की शपथ ली और यह संकल्प लिया कि वे स्वयं भी तम्बाकू से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। इस जनजागरूकता पहल का उद्देश्य युवाओं में तम्बाकू विरोधी चेतना को बढ़ावा देना और एक स्वस्थ, तम्बाकू-मुक्त भारत का निर्माण करना है।











## बाल दिवस पर सांदीपनि विद्यालय में हुआ बालमेले का आयोजन

नलखेड़ा। बाल दिवस के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय में बाल मेला का आयोजन हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता आत्मविश्वास व्यवहारिक ज्ञान टीम भावना एवं स्वरोजगार कौशल का विकास करना है। इस मेले में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए व्यंजन स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। स्टॉल को छात्राओं द्वारा आकर्षक रूप से सजाया गया एवं स्वच्छता एवं देशभक्ति का संदेश देते स्लोगन लगाए गए। छात्राओं द्वारा विभिन्न व्यंजनों के 40 स्टॉल लगाए। बाल मेला में अतिथियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई, मरीजों को फल बांटे

**कानड़।** शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन जयंती के उपलक्ष्य में प्राथमिक स्वास्थ्य कानड़ पर मरीजों को फल वितरित किए गए। ब्लॉक कांग्रेस कानड़ अध्यक्ष नितिन पालीवाल के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई।

इस अवसर पर नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को फल वितरित किए गए। कांग्रेस नेता गौरीशंकर सूर्यवंशी द्वारा जवाहरलाल नेहरू जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए अपना दायित्व निभाया। जवाहरलाल नेहरू भारत की आजादी के संघर्ष में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ विभिन्न आंदोलनों में भाग लेने के कारण कई बार जेल भी जाना पड़ा। इस मौके पर जिला कांग्रेस महामंत्री सरपंच अवतार गुर्जर, विकास शर्मा हरखनखेड़ी, पार्षद सैयद नासिर हुसैन, पार्षद बाबूलाल सूर्यवंशी पूर्व पार्षद सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## मंत्री परमार जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम में होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नलखेड़ा

जिले में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती गरिमामय रूप से मनाई जाएगी। जनजाति गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम 15 नवंबर को दोपहर 1 बजे से नवीन मांगलिक भवन, गांधी उपवन में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, आयुष और तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार शामिल होंगे। अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट में सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये एसडीएम आगर, मिलिंद ढोके को नोडल एवं जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग शेखर उईके को सहायक नोडल नियुक्त किया और संबंधित विभागों को व्यवस्थाओं के लिए दायित्व सौंपे गए। एडीएम ने बैठक बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गरीमामय रूप से आयोजित किया जाए। उन्होंने जनजातिय संस्कृति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम, राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सजीव प्रसारण, विद्युत, साफ-सफाई, विद्यार्थीयों की उपस्थिति, जनजातीय समुदायक एवं प्रतिनिधियों की सहभागिता के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही कहा कि समस्त विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायतों में सजीव प्रसारण देखने की व्यवस्था करें। कार्यक्रम में सभी विभागो के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी एडीएम ने विभाग प्रमुखों को दिये। बैठक में एसडीएम मिलिन्द ढोके, एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग शेखर उईके, अजय जैन मारूबर्डिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### जिले में न्यायोत्सव, विधिक सेवा सप्ताह का समापन

## बाइक रैली निकाली, विधिक जागरुकता प्रदर्शनी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नलखेड़ा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में जिले में 9 से 14 नवंबर तक मनाए गए न्यायोत्सव, विधिक सेवा सप्ताह का शुक्रवार को समापन हुआ। इस दौरान जन-जन तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने व विधिक सेवा संस्थाओं के प्रचार-प्रसार हेतु जिला मुख्यालय पर बाइक रैली निकाली गई। जिसे प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीएस चौहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर जिला न्यायालय परिसर रवाना किया गया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः जिला न्यायालय आगर पहुंची, जहां समापन हुआ। तत्श्चात विधिक सेवा योजनाओं की जानकारी देने एवं जागरूक करने के उद्देश्य से न्यायालय परिसर में लगाई गई विधिक जागरूकता प्रदर्शनी का जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष डीएस चौहान द्वारा न्यायाधीशगण की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया।







कार्यक्रम के अंतिम चरण में न्यायोत्सव कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों में आयोजित की गई निबंध, चित्रकला, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं के छात्रों को बाल दिवस एवं समापन अवसर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। साथ ही मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरण प्रधान जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अश्विनी सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जन साहस संस्था के सहयोग से बाल विवाह एवं पोक्सो एक्ट विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी कराया गया। कार्यक्रम में समस्त न्यायाधीश, न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, पैरालीगल वॉलिंटियर्स, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### छप्पन भोग व भजन संध्या का होगा आयोजन

**देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर में आज श्री श्याम प्रभु खाटू वाले की पवित्र ज्योत का विशेष आयोजन होगा। मंदिर समिति के अनुसार ज्योत का प्रज्वलन आज शाम 6 बजे विधिवत रूप से किया जाएगा। मंदिर में खाटू नरेश का मनोहर श्रृंगार गुलाब, चमेली व मोगरा के पुष्पों से किया जाएगा। वहीं श्याम प्रेमियों द्वारा छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। बाबा शीश के दानी श्री श्याम की भोग आरती दोपहर 12 बजे तथा महाआरती शाम 6.45 बजे संपन्न होगी। कार्यक्रम में मंदिर महिला मंडल द्वारा बाबा श्याम के भजनों का गुणगान किया जाएगा। भजन गायक हिमांशु विजयवर्गीय एवं हरिओम उपाध्याय विशेष भजन प्रस्तुति देंगे। एकादशी के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर के पट पूरे दिन खुले रहेंगे।

### जिलास्तरीय कार्यक्रम बागली में होगा

**बागली।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती गरिमामय रूप से मनाई जा रही है। भारत सरकार के निर्देशानुसार जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में जिले में गरिमापूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। संयोजक प्रभारी कमल यादव ने बताया कि विधानसभा स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन 15 नवंबर को दोपहर 12 बजे बागली में सांदीपनि विद्यालय के सामने किया जाएगा।

### संयुक्त कार्रवाई में निगम अमले के साथ पुलिस और राजस्व का दल भी रहा मौजूद

# मुख्य बाजार में 15 मीटर चौड़ी सड़क देने निगम ने अतिक्रमण हटाने कार्रवाई की

### निगम ने जेसीबी बुलडोजर की मदद से 63 से ज्यादा बाधक मकानों के हिस्सों को तोड़ने की कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के व्यस्तम एमजी रोड पर अतिक्रमण हटाने का अभियान शुक्रवार से शुरू किया गया, जिसके तहत शालिनी रोड से कार्रवाई शुरू हुई है। इस कार्रवाई का उद्देश्य एमजी रोड को चौड़ा कर यातायात को सुगम बनाना है, जिसके लिए रोड़ को 150मीटर तक चौड़ा करने की योजना है। अभियान के दौरान कुछ लोगों ने विरोध किया और लेकिन निगम, राजस्व और पुलिस ने कार्रवाई जारी रखी। निगम ने जेसीबी बुलडोजर की मदद से 63 से ज्यादा मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की।

अतिक्रमण हटाने के बाद एमजी रोड को चौड़ा करके 15 मीटर का किया जाएगा, जिसके लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत लगभग 06 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत वाली परियोजना को मंजूरी मिली है।कार्रवाई शुक्रवार को शालिनी रोड से शुरू हुई है और इसे पूरे एमजी रोड पर चलाया जाएगा।कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल के साथ जेसीबी और पोकलैंड मशीनें तैनात की गईं। निगम अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई सड़क चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से की जा रही है। कार्रवाई को लेकर मीडिया के सवालों पर महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि यह प्रोजेक्ट हर हाल में पूरा होगा। उन्होंने कहा कि कार्रवाई को लेकर सभी एकजुट हैं और लोग स्वेच्छा से भी निर्माण हटा रहे हैं। इसी प्रकार सभापति रवि जैन ने भी कार्रवाई का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि व्यापारी भी कार्रवाई से नाराज नहीं है। कार्रवाई के पूर्व तीन बार नोटिस दिए गए, अनाउंसमेंट भी किया गया। अंतिम नोटिस के बाद भी पांच दिन का अतिरिक्त समय दिया और इसके बाद तीन और अतिरिक्त दिन दिए, जिसके बाद कार्रवाई शुरू की गई।

जल्द ही एमजी रोड का व्यवस्थित निर्माण होगा।नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि पहले दिन 63 भवनों का बाधक हिस्सा हिस्सा तोड़ा गया है। 8 मकानों पर स्टे के कारण कार्रवाई नहीं की गई है। शनिवार को ज्यादा तैयारी के साथ बाधक निर्माणों को हटाया जाएगा। पहले दिन कुछ समस्या आई और किसी कारण कार्रवाई धीमी हुई थी। शनिवार को दो पोकलेन मशीन के साथ कार्रवाई शुरू की जाएगी और सुभाष चौक से तहसील चौराहा तक के बाधक निर्माणों को हटा दिया जाएगा। रविवार शाम तक सभी बाधक




निर्माणों को तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान एसडीएम आनंद मालवीय, सीएसपी सुमित अग्रवाल, तहसीलदार हरिओम ठाकुर सभी थानों के टीआइ, नगर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया सहित निगम के सभी यंत्री व बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## देवास पुलिस ने कार्रवाई कर करवाई 19 वीं जमानत निरस्त

### दोबारा अपराध करने पर भेजे जा रहे जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्यंमत्री मोहन यादव की मंशानुरूप एवं डीजीपी कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार गंभीर अपराध घटित कर न्यायालय से जमानत पर रिहा होने के उपरांत जमानत अवधि में पुनःअपराध घटित करने वाले आदतन अपराधियों के विरुद्ध जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी परिपेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा 360-पुलिसिंग के अंतर्गत ज़िले में गंभीर अपराधों में जमानत पर सशर्त छूटने के बाद पुनःअपराध घटित करने वाले अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु "ऑपरेशन बेल टू जेल" चलाया जा रहा है। इसी अनुक्रम में आरोपी यश उर्फ गोगा उर्फ गोविन्द पिता धर्मेन्द्र मोदी निवासी 21/01 लक्ष्मीपुरा देवास थाना कोतवाली के 02 वर्ष पूर्व घटित हत्या के प्रयास संबंधी अपराध क्रमांक 1075/2023 में न्यायालय देवास से शर्तों के अधीन जेल से रिहा हुआ था। जमानत अवधि में न्यायालय द्वारा आरोपित शर्तों का उल्लंघन कर आरोपी द्वारा पुनः02 अपराध घटित किये गये । जिस पर जमानत अवधि में आरोपी के विरूद्ध थाना बैंक नोट प्रेस पर पुनः अपराध क्रमांक 733/2025 धारा 296,115(2),118(1),119(1), 351(3) BNS तथा अपराध क्रमांक 736/25 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया । उक्त प्रकरण में ज़िला पुलिस द्वारा न्यायालय देवास में आरोपी की जमानत निरस्तीकरण हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था,जिस पर विचारण उपरांत माननीय विशेष न्यायाधीश अनु.जाति एवं अनु.जनजाति (अत्याचार निवारण) विकास शर्मा न्यायालय देवास द्वारा आरोपी की जमानत निरस्त कर गिरफ़्तार करने संबंधी आदेश जारी किया । उक्त आदेश के अनुक्रम में आरोपी यश उर्फ गोगा उर्फ गोविन्द पिता धर्मेन्द्र मोदी निवासी 21/01 लक्ष्मीपुरा देवास को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ़्तार कर जेल भेजा गया है*। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने बताया कि "ऑपरेशन बेल टू जेल" के तहत ऐसे कुख्यात अपराधियों को चिन्हित किया जा रहा है , जो गंभीर अपराधों में न्यायालय से इस शर्त पर जमानत पर रिहा हुवे हैं कि वे दोबारा अपराध घटित नहीं करेंगे ।

इन कुख्यात अपराधियों द्वारा जमानत अवधि में दोबारा अपराध घटित करते ही ज़िला पुलिस द्वारा तत्काल जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही प्रचलित की जा रही है। ज़िले में ऐसे क़रीब 197 कुख्यात अपराधियों को चिन्हित कर जिनमें से कुल 19 आरोपियों की जमानत निरस्त कराकर उन्हे पुनः जेल भेजा जा चुका है एवं उनके जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही संस्थित की जा चुकी है जो कि न्यायालय में विचाराधीन है तथा आने वाले समय में और भी जमानत निरस्तीकरण आदेश जारी करवाने हेतु पुलिस लगातार कार्य कर रही है ।

पुलिस कप्तान ने उक्त कार्येवाही में उल्लेखनीय योगदान देने वाले नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल,थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचन्द्र शर्मा,उनि जितेन्द्र यादव,आर गोपाल, मनीष, साजन को शुभकामनाएं प्रेषित की है।


### न्याय उत्सव अंतर्गत आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर



**चापडा।** विद्यार्थियों के लिए एकाग्रता के साथ ग्रहण शिक्षा ही लक्ष्य अर्जन का आधार होती हैं तथा शिक्षा के साथ विधिक साक्षरता भी जरूरी है। विधिक साक्षरता प्राधिकरण निर्धन और निर्बल लोगों को कानूनी संबल प्रदान करता हैं। उक्त विचार तहसील स्तरीय विधिक साक्षरता प्राधिकरण के तत्वावधान में ₹न्याय उत्सव₹ के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सिनम ने व्यक्त किए। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेन्द्र पाटीदार, वरिष्ठ अभिभाषक प्रवीण चौधरी, बसंती लाल मोदी, रविन्द्र सोनी,अरूण जायसवाल, प्रभुलाल डोडवे आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। चौधरी ने राष्ट्रीय गीत व लौह पुरुष सरदार पटेल जयंती वर्ष पर विधिक साक्षरता की बात कही। वही सोनी ने भारतीय संविधान की महत्ता बताई। मोदी, पाटीदार व जायसवाल ने मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की।अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत प्राचार्य बहादुर सिंह बदुरीया,हरीश जनौलीया, हुकुम शर्मा, राजेश नेहरीया,पूनम परिहार आदि ने किया।शिविर का संचालन संकुल सहसमन्वयक वारिस अली ने किया तथा आभार हुकुम शर्मा ने माना।

## संत सुरक्षा और गौसेवा के उद्देश्य से नर्मदा परिक्रमा पर निकले महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



सर्व पुजारी कल्याण सेवा समिति के प्रांतीय अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय वैष्णव बैरागी परिषद मध्यप्रदेश इकाई के महासचिव महंत ओंकार दास वैष्णव नर्मदा परिक्रमा पर शुक्रवार को निकले। परिक्रमा का मुख्य उद्देश मठ मंदिर को सरकारीकरण से मुक्ति, संत पुजारीयों के अधिकारो की रक्षा हेतु विशेष कानून तथा गौमाता की सुरक्षा के प्रति जनजागरण है। इस अवसर पर महंत ओंकार दास ने कहा की नर्मदा परिक्रमा न केवल आध्यात्मिक साधना है बल्कि समाज में धर्म सेवा और संरक्षण का संदेश देने का भी माध्यम है। पंचक्रोशी यात्रा के साथ नर्मदा तट के विभिन्न तीर्थस्थलो से गुजरते हुए श्रद्धालओ और संत समाज से संवाद करेंगे। उक्त मुद्दों पर भी समर्थन जुटाएंगे। उन्होंने कहा कि मठ मंदिर हमारी संस्कृति और आस्था के केन्द्र है। उन पर किसी प्रकार का सरकारी नियंत्रण धर्मिक स्वतंत्रता के विरुद्ध है क्योंकि संत पुजारी को समाज का मार्ग दर्शक माना गया है। अतः उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए विशेष कानून की आवश्यकता है। महंत ओंकार दास वैष्णव की यह नर्मदा पंचक्रोशी परिक्रमा विभिन्न जिलों और तीर्थस्थलों से होकर गुजरेगी।

### श्रीवास सेन समाज द्वारा दिवाली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव कल



**देवास।** श्रीवास सेन समाज द्वारा दिवाली मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन 16 नवम्बर को स्वस्तिक मांगलिक परिसर, विकास नगर देवास में किया जाएगा। समाज अध्यक्ष अजय श्रीवास एवं सचिव हरीश श्रीवास ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत संत शिरोमणि सेन महाराज की आरती, 56 भोग के महाप्रसाद तथा वंदे मातरम गायन के साथ शुभारंभ होगी। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज के सभी सदस्यों को एक सूत्र में जोडऩे तथा आपसी एकता व सहयोग को मजबूत करने का उद्देश्य लेकर आयोजित किया जा रहा है। अध्यक्ष एवं सचिव ने समाज के सभी सामाजिक बंधुओं से आग्रह किया है कि वे सपरिवार कार्यक्रम में सम्मिलित होकर समाज की एकता का परिचय दें और इस सांस्कृतिक उत्सव को सफल बनाएं।

## भाजपा ने बिहार चुनाव की जीत पर मनाया उत्सव, जमकर की आतिशबाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बिहार में भारतीय जनता पार्टी व एनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक विजय पर देवास जिला भाजपा द्वारा शुक्रवार को जोरदार उत्सव मनाया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष रायसिंह सेंधव के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय देवास में कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाज़ी की और एक-दूसरे को मिठाइयाँ बाँटकर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि, "बिहार की जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रवादी विचारधारा के पक्ष में जनादेश दिया है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। पूरे देश में भाजपा के प्रति जनसमर्थन लगातार बढ़ रहा है और यह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह एवं प्रेरणा का विषय है।" कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष बहादुर मुकाती, पूर्व महापौर शरद पाचुनकर, जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, महेश चौहान, जुबेर लाला, पुष्पलता सोनगरा, शोभा नायक, मोनिका शर्मा, विजय पंवार, वासुदेव परमार, मनोहर जाधव, प्रतीक सोलंकी, बजरंगलाल बैरवा, मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र नवगोत्री, सोनू परमार, निलेश वर्मा, राजा अकोदिया, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

## शहर में बाइक रैली से विधिक सेवा सप्ताह-2025 का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह-2025 का का शुभारंभ 09 नवंबर 2025 को किया गया था जिसके अनुरूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास द्वारा 10 नवंबर 2025 को मैराथन का आयोजन कर न्याय उत्सव का कार्यक्रम शुभारंभ किया गया था।

न्याय उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन बंदियों को जागरूक करने के लिए जिला जेल देवास में, कानूनी जानकारी देने हेतु विधि महाविद्यालय में, बच्चों से संबंधित पॉक्सो एक्ट, जुवेनाइल एक्ट एवं मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में जानकारी देने के लिए विद्यालयों में साथ ही विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत छात्र-छात्राओं हेतु निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला




प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास द्वारा पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया।मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह-2025 के अंतर्गत कार्यक्रम का समापन जिला न्यायालय परिसर देवास से बाइक रैली का आयोजन कर किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र द्वारा हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया गया।प्रधान जिला न्यायाधीश देवास द्वारा यातायात नियमों का पालन करने, सीमित गति एवं सुरक्षित तरीके से बाइक चलाने हेतु बाइकर्स को जागरूक किया। बाइक रैली में विशेष न्यायाधीश विकास शर्मा, उमाशंकर अग्रवाल अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, राजेंद्र कुमार पाटीदार अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, रविकांत सोलंकी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, भारत सिंह कनेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नीलेंद्र कुमार तिवारी, दीक्षा मौर्य न्यायाधीश, किरण सिंह न्यायाधीश, प्रियांशु पांडे न्यायाधीश, कुंवर युवराज सिंह न्यायाधीश, रश्मि अभिजीत मरावी न्यायाधीश, निकिता वार्ष्णेय पांडे न्यायाधीश, चंद्रा पंवार न्यायाधीश एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी गण, पैनल लॉयर, अधिवक्तागण, पैरालीगल वॉलेंटियर बाइक रैली में सम्मिलित हुए।

### भारत निर्वाचन आयोग के दल ने जिले में हो रहे एसआईआर कार्य की प्रगति समीक्षा की

# पूरी पारदर्शिता के साथ तैयार की जाएगी मतदाता सूचीः कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जारी है। एसआईआर कार्य की मॉनिटरिंग के लिए भारत निर्वाचन आयोग से आए 2 सदस्यीय दल सचिव भारत निर्वाचन आयोग श्री विनोद कुमार एवं अपर सचिव भारत निर्वाचन आयोग मनीष कुमार ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक लेकर एसआईआर की तैयारियों व प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोंलकी सहित जिले के सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर और संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में एसआईआर कार्य की प्रगति, चुनौतियां एवं सुधारात्मक उपायों पर चर्चा हुई। भारत निर्वाचन आयोग के दल ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों व किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि जिले में मतदाताओं की हेल्प के लिए हेल्प डेस्क बनाया गया है। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (07272-299776) बनाया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत स्तर एवं शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर हेल्प डेस्क बनाया गया है। सभी बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म वितरण कर रहे है। सचिव विनोद कुमार ने कहा कि एसआईआर कार्य 2003 के बाद अब हो रहा है, इसलिए सभी ईआरओ एवं बीएलओ कार्य को गंभीरता पूर्वक करें ताकि कार्य में कोई भी त्रुटि नहीं न हो और पारदर्शिता पूर्वक कार्य हो। उन्होंने विधानसभावार ईआरओ से एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी ली एवं निर्देश दिए मैंपिंग कार्य में प्रगति लाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शत प्रतिशत लक्ष्य को समयावधि में पूर्ण करें। जिन बीएलओ द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है, वो अन्य बीएलओ को भी प्रशिक्षित करें।बैठक में कुमार ने निर्देश दिए कि सभी मतदाताओं तक फॉर्म अवश्य पहुंचे और फॉर्म भरने में समस्या आने पर बीएलओ द्वारा मतदाताओं की सहायता की जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही करने पर संबंधित पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। सभी ईआरओ एवं बीएलओ को संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए, जिससे कार्य में काई त्रुटि न हों। बैठक में मैदानी स्तर पर कार्य कर रहे बीएलओ से चर्चा की और कहा कि एसआईआर की कार्यवाही के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि "कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं। एसआईआर का मुख्य उद्देश्य शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना है, जो पूरी तरह पारदर्शिता के साथ हो। उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को 2003 की सूची से लिंक करने और जिनका नाम उसमें नहीं है, उन्हें वंशावली के मतदाताओं से लिंक करने के निर्देश भी दिए। बीएलओ को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने तथा बीएलओ ऐप का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किए जाने पर भी जोर दिया।

## ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में मनाई पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को देश के पहले प्रधानमंत्री और आधुनिक भारत के निर्माताओं में गिने जाने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नेहरू के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश को वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास की राह दिखाई है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव ने सभी कार्यकर्ताओं को नेहरू के आदर्शों पर चलने और समाज सेवा में सक्रिय रहने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश इनानी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव इरफान मदनी, वरिष्ठ नेता अनिल जयसवाल, पीरू ठेकेदार, महेंद्र यादव, आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से भैंस की मौत

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम नत्थीखेड़ा निवासी राजेश पुत्र धनीराम ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 7 अक्टूबर कोरात करीब 8.30 बजे ग्राम चन्द्रापुरा में उसकी तीन भैंस चरते हुये रोड पर आ गयी। उसी समय ग्राम ऐवनी निवासी अमित यादव पुत्र अनेक सिंह ने अपनी पिकअप नम्बर यू.पी. 94 टी 9443 को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये भैंसों को टक्कर मार दी, जिससे उसकी एक भैंस मौके पर ही मर गयी, एक भैंस घायल हो गयी। बताया कि अमित यादव ने भैंसों की भरपाई के लिए गांव में एक पंचायत की थी, जो कि विफल रही। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### गल्ला मंडी से बाइक चोरी का मामला दर्ज

**ललितपुर।** आजादपुरा द्वितीय में रहने वाले आनन्द कुमार झां पुत्र मुकेश ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने अपनी टीवीएस मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 आर 0893 को 12 नवम्बर की शाम 4 बजे पिता मुकेश की गल्ला मण्डी स्थित दुकान के सामने खड़ा कर दिया था। बताया कि वह पिता की दुकान पर व्यस्त हो गया। कुछ समय बाद जब वह मौके पर पहुंचा तो उसकी बाइक नहीं थी। उसने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो मण्डी में केन्टीन चलाने वाले भरत कोरी का साला मोनू उर्फ सोनू उर्फ भैया ने उसकी मोटर साइकिल को चोरी कर लिया। मामले की सूचना उसी समय चौकी पुलिस को दी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### घंटाघर पर महिला से छेड़छाड़, अपमानित किया

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 9 नवम्बर की शाम करीब 6.30 बजे वह घण्टाघर के पास अपना कार्य कर रही थी। तभी सीतापाठ निवासी शुभम जोशी पुत्र अशोक उसके पास आया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर शुभम ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। यह भी आरोप है कि शुभम ने उसे समाज व रिश्तेदारों में बदनाम करने की धमकी दी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित भी किया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर शुभम जोशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### फरार चोर को दबोचा माल भी बरामद हुआ

**विदिशा।** कोतवाली पुलिस ने चोरी के दो मामलों का खुलासा करते हुए फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से लगभग 1.30 लाख मूल्य का मशरूका बरामद किया है। वार्ड नंबर 10, भगत सिंह कॉलोनी नाना का बाग और मुखर्जीनगर सुंदर सेवा आश्रम के पास हुई चोरी की शिकायतों पर पुलिस ने इन दोनों घटनाओं प्रकरण दर्ज किए गए थे। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने फरार आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदातों को स्वीकार किया और उसके कब्जे से एक सोने की चेन, एक सोने की ब्रेसलेट और ₹7 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं।

### राजस्थान में मिली अपहता नाबालिग

**विदिशा।** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने अपहता नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों से मिलवाया। 4 अप्रैल को 17 वर्षीय बालिका के अपहरण की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली थी। पुलिस ने 12 नवंबर को राजस्थान से बालिका को सुरक्षित भोपाल लाकर परिजनों को सुपुर्द किया।

### मेहलुआ चौराहा के मेडिकल स्टोर्स की जांच

**विदिशा।** एसडीएम कुरवाई के निर्देशन में मेहलुआ चौराह क्षेत्र की मेडिकल दुकानों की जांच की गई। ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा पांच मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान औषधियों के भंडारण, लाइसेंस आदि की जांच की।

---

### ग्रामीण स्तर की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया

# सदर विधायक ने किया क्षेत्र का भ्रमण अडवाहा में चौपाल पर सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ग्राम पंचायत अड़वाहा विकासखंड जखौरा में सदर विधायक ललितपुर राम रतन कुशवाहा के द्वारा चौपाल लगाकर आम जनमानस की समस्याओं को सुन संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के दिए निर्देश एवं साथ ही लगभग एक करोड़ से अधिक की ग्रामीण स्तर की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया ग्राम पंचायत अड़वाहा में ग्रामीण विकास और जनसुनवाई के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण चौपाल का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता ललितपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम रतन कुशवाहा ने की।

बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण, महिला समूह, युवा, किसान तथा पंचायत प्रतिनिधिगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। चौपाल के माध्यम से ग्रामवासियों ने पेयजल संकट, खराब सड़कों, विद्युत आपूर्ति में अनियमितता, आवास योजनाओं में लंबित मामलों, वृद्धावस्था पेंशन, मनरेगा भुगतान, भूमि-सीमा विवाद, प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दों को विधायक कुशवाहा के समक्ष रखा। विधायक ने प्रत्येक समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और उपस्थित राजस्व, विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल निगम, पंचायती राज एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का स्थल निरीक्षण किया जाए, प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो, जनकल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता व त्वरित लाभ उपलब्ध कराया जाए, किसी भी प्रकार की लापरवाही पर जवाबदेही तय की जाएगी




#### परियोजनाओं से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा

ग्राम पंचायत अड़वाहा में विकास कार्यों को और गति देने हेतु विधायक कुशवाहा ने एक करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न ग्रामीण स्तरीय विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में मुख्यतः ग्रामीण संपर्क मार्गों का निर्माण एवं चौड़ीकरण, क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण, नल-जल योजना एवं हैंडपंपों की स्थापना/मरम्मत, नाली-खड़ंजा निर्माण, सामुदायिक भवन एवं सार्वजनिक उपयोग स्थलों का विकास प्राथमिक विद्यालयों में कमरों का निर्माण, रंगाई-पुताई एवं फर्नीचर उपलब्धता, सौर लाइटों एवं स्ट्रीट लाइटों का स्थापना कार्य, स्वच्छता एवं जल निकासी से संबंधित परियोजनाएँ, इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

#### विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया

अपने संबोधन में विधायक श्री राम रतन कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक गांव तक सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएँ निर्बाध रूप से उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या ही मेरी प्राथमिकता है। क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा और किसी भी स्थिति में ग्रामीणों को असुविधा नहीं होने दी जाएगी। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक बिना भेदभाव समय पर पहुँचाया जाए तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। चौपाल में अनुपम चौबे, सुरेन्द्र रजक जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा ललितपुर, सुशील विश्वकर्मा जी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, पार्टी पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएँ एवं किसान भाई उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विधायक के दौरे एवं विकास कार्यों की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए क्षेत्र के निरंतर विकास हेतु धन्यवाद दिया।

---

### युवक को हिरासत में लिया

## प्रैक्टिकल के नाम पर रुपए वसूली का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



निकटवर्ती ग्राम महर्रा स्थित भगवान आदिनाथ डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत करीब दो सैकड़ा छात्र-छात्राओं को बी-एड का प्रैक्टिकल देने के लिए मुख्यालय स्थित पुरुषोत्तम नारायण नगर पालिका इण्टर कॉलेज (पी.एन. कॉलेज) में बुलाया गया था। यहां प्रैक्टिकल देने आये छात्र-छात्राओं ने कुछ समय पश्चात ही हंगामा कर दिया। हंगामा करते हुये छात्र-छात्राओं ने प्रक्टिकल देने के नाम पर प्रति छात्र या छात्रा 1500 रुपये की अवैध तरीके से मांग किये जाने और कई छात्र-छात्राओं से वसूली किये जाने के गंभीर आरोप लगाये। सूचना मिलने पर पुलिस पीएन इण्टर कॉलेज पहुंची, जहां से उन्होंने अंकित जैन नाम के युवक को रंगे हाथों धर दबोचा। पत्रकारों व छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में पकड़े गये अंकित जैन नाम के युवक पर आरोप लगाया गया कि कई विद्यार्थियों से नकद और कई विद्यार्थियों से ऑनलाइन रुपए वसूल किये गये। जब पत्रकारों ने उक्त युवक से पूछा कि प्रैक्टिकल में किस बात के रुपये मांग रहा है, तो उसके पास कोई जबाव नहीं था। पूरे प्रकरण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी जमकर हंगामा काटा। वहीं कोतवाली पहुंचने पर विद्यार्थियों द्वारा उक्त युवक के खिलाफ तहरीर दी गई।

## बाल मेले में उमड़ी बच्चों की भीड़ व्यंजनों का चखा स्वाद

**ललितपुर।** देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल लाल नेहरू की जयंती सरस्वती ज्ञान मंदिर बालिका इंटर कालेज में बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सर्व प्रथम विद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र सिंह यादव ने उपस्थित स्टाफ के साथ पं जवाहरलाल लाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पं जवाहरलाल लाल नेहरू जी का सदैव बच्चों के प्रति लगाव था। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा बोलते थे। वहीं उन्होंने बच्चों को पं नेहरू जी के आदर्शों पर चलने की अपील की। तो वहीं बच्चों ने खास व्यंजनों की दुकान सजायीं। जिसका सभी ने लुत्फ उठाया। व्यंजनों की बिक्री होने पर बच्चे उत्साहित दिखे। विधालय की प्रधानाचार्या सोनम तोमर, नेहा, सविता उपाध्याय, दीपक शर्मा, सुशील, सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के द्वारा लगाए मेले की सराहना की।

---

## 13 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तैयारी शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त दिशा-निर्देशों, जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए सचिव मयंक जायसवाल की अध्यक्षता में न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विगत राष्ट्रीय लोक अदालत में निर्णीत वादों पर चर्चा कर 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के संबंध में विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि गयी कि वह अपने-अपने स्तर से अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु प्रयास करें, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सकें। बैठक में सीजेएम रवि शंकर गुप्ता, अपर सिविल जज जूडि शअदिति जैन, सिविल जज जू.डि. देव प्रिय सारस्वत, अपर सिविल जज जूडि-न्यू कोर्ट आकृति, सिविल जज जूडि एफटीसी नवीन कुमार, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बहादुर सिंह उपस्थित रहे।

---

### सक्षम के नेत्र जागरूकता अभियान में दी सीख

## मरणोपरांत नेत्रदान ईश्वरीय कार्यः राज्यमंत्री पंथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

समदृष्टि क्षमता एवं विकास अनुसंधान मण्डल सक्षम के तत्वावधान में नेत्र जागरूकता अभियान में प्रदेश के राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने कहा नेत्रों के रखरखाव के लिए जागरूकता जरूरी है। मरणोपरान्त नेत्रदान को ईश्वरी कार्य बताते हुए चन्होंने समाज के लोगों से आव्हान किया कि नेत्रदान अवश्य करें इसके माध्यम से दो नेत्रहीनों को नेत्र ज्योति मिलती है। सक्षम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान में जुड़ने के लिए प्रेरित किया।



इस मौके पर सक्षम जिलाध्यक्ष अक्षय अलया, जिला महासचिव अजय जैन साइकिल, जिला उपाध्यक्ष डॉ० तेजस्व श्रीवास्तव, महेश पटेरिया, गोविन्द व्यास,दीपक सिंघई, भाजपा नगर अध्यक्ष भगतसिंह राठौर, प्रधान विजय सिंह, मीडिया प्रभारी मनोज जैन, संजीव सौरया, रवीन्द्र जैन मुनमुन, राघवेन्द्र चौबे, रविप्रतापसिंह, ध्रुव साहू, विवेक समैवा, दीपक राठौर, वीरेन्द्र सोनू, देवेन्द्र कुशवाहा, मनविन्दर कौर, वीणा जैन, अनीता मोदी आदि मौजूद रहे।

---

### झूठा मुकद्दमा कराने का आरोप

## कंपनी ने कर्मचारी, पिता व बहन पर रु. गबन का आरोप लगाया

**ललितपुर।** महानगर झांसी के सीपरी बाजार स्थित 491 आदर्श नगर निवासी राजीव शर्मा पुत्र स्व.प्रकाश शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा।

पत्र में राजीव शर्मा ने बताया कि वह जे.एम.के. एसोसिएट्स का स्वामी है और उसकी कम्पनी में ललितपुर रोड महरौनी निवासी रानू झां पुत्र अशोक कलेक्शन एग्जीक्यूटिव पद पर कार्यरत था। आरोप है कि रानू झां ने उसकी कम्पनी की राशि 1 लाख 44 हजार 518 रुपये गबन करके भाग गया। मामले में कार्यवाही करते हुये उन्होंने 11 जून को कोतवाली बुलाया, लेकिन रानू के बजाय उसके पिता अशोक आये। अशोक ने गबन को स्वीकार करते हुये लिखित समझौता किया और 40 हजार रुपये उसी स्थान पर दिये। उक्त पत्र पूरे पैसे लौटाने की बात कही गयी। समय गुजरने पर जब उन्होंने अशोक से सम्पर्क किया तो उन्होंने रुपये लौटाने से इनकार कर दिया। इस सम्बन्ध में उन्होंने सीओ को प्रार्थना पत्र दिया, जिसे संज्ञा लेने पर रानू, अशोक झां व उसकी बहन को ऑफिस में बुलाया। आरोप है कि रानू, अशोक व उसकी बहन ने साजिशन उस पर झूठा मुकद्दमा दर्ज करा दिया, जिसकी जांच महरौनी थाने में चल रही है। यह भी आरोप है कि रानू अब उसे लगातार धमकियां दिलवा रहा है कि उस पर अब गलत धाराओं में मामला दर्ज करायेगा और जान से मारकर फेंक देंगे। पीड़ित ने बताया कि कम्पनी द्वारा दिये गये दस्तावेज भी रानू के खिलाफ हैं तथा रानू के पिता द्वारा लिखा गया समझौता पत्र भी जांच में शामिल किया है। पीड़ित की तहरीर को गंभीरता से लेते हुये एसपी ने मामला दर्ज कर जांच के निर्देश दिये हैं। निर्देश मिलने पर थाना महरौनी पुलिस ने रानू, उसके पिता अशोक व बहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

## चार पहिया गाड़ी व 5 लाख रुपए की मांग, बहू को प्रताड़ित कर निकाला

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला निवाड़ी के थाना ओरछा अंतर्गत ग्राम बनगांय निवासी बबीता पुत्री रामेश्वर ने थाना पूराकलां पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी वर्ष 2020 में पूराकलां के ग्राम कंधारीकलां निवासी संजीव पुत्र सुखराम से हिन्दू रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हुयी थी। आरोप है कि शादी में दिये गये उपहार के चलते ससुरालियों में पति संजीव, ससुर सुखराम, सास सुखवती, ननद सपना खुश नहीं थे। 2 से 5 लाख रुपये व एक चार पहिया वाहन की मांग कर रहे थे। जब उसके पिता ने असमर्थता व्यक्त की तो उक्त लोगों ने उसे प्रताड़ित किया और आये दिन मारपीट करने लगे। आरोप है कि ससुरालियों ने उसकी शादी के सभी सबूत जला दिये और शादी का वीडियो तोड़ते हुये उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि विगत दिनों ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की, जिसके बाद उसने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस आने पर उक्त लोगों ने उस पर गहने चोरी का आरोप लगा दिया। पीड़िता ने बताया कि उसकी एक पुत्री भी है, जिसकी सुरक्षा करायी जाये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

#### अज्ञात पर पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया

महरौनी थाना क्षेत्रांतर्गत रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि गुरूवार को अपराह्न 3 बजे उसकी 23 वर्षीय पुत्री बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। आरोप है कि काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटी तो उसका फोन लगाया, लेकिन नम्बर बंद आ रहा है। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति उसे शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### बिहार विधानसभा चुनाव में जीत

## भाजपा की जिला इकाई ने हर्ष व्यक्त किया, जश्न भी मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



बिहार विधानसभा में एनडीए की असाधारण अभूतपूर्व जीत पर आज भारतीय जनता पार्टी की ललितपुर इकाई ने तुवन चौराहे पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के नेतृत्व में जश्न मनाया।जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने आकाश को गुंजित करने बाली नारेबाजी की ।इस अवसर पर खुब आतिशबाजी की गई और मिष्ठान बांट कर एक दूसरे को बधाई दी गई।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की बिहार की जीत हमारे कार्यकर्ताओं की लगन, साहस, रणनीतिक कौशल,और पार्टी के प्रति ध्येय निष्ठा पर विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि हम लोग अपने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर समाज के विभिन्न वर्गों में काम कर रहें हैं।जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का अगला मिशन उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत से सरकार बनवाने का है और उत्तर प्रदेश में बहुमत से दो हजार सत्ताईस में भारतीय जनता पार्टी की सरकार वनने जा रही है ।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुधीर सिंह एड,नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, बंशीधर श्रीवास, महेश श्रीवास्तव भैया,शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुरेश बड़ेरा, पूर्व चेयरमैन रजनी साहू, रवीन्द्र दिवाकर ,शिक्षक नेता छक्की लाल साहू,डा राजकुमार जैन,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष वृजमोहन संज्ञा, ईं गिरजा शंकर दुबे,किसान नेता सुरेश टोंटे, व्यापारी नेता सुबोध शर्मा,डा रामगोपाल साहू,डा अनुपमा पुरोहित,डा मनवीर सिंह तोमर,डा दीपक चौबे, डा विजय दुबे,डा तेजस्व श्रीवास्तव,डा रानी साहू,संतोष कुशवाहा, मोहन लाल रैकवार,डा आकाश पुरोहित डा राजेन्द्र साहू, ब्लाक प्रमुख कल्याण सिंह लोधी, जिला पंचायत सदस्य मानसिंह यादव,अशोक साहू अजय जैन साईकिल,रुचिका बुन्देला, जिला उपाध्यक्ष हरी सिंह बुंदेला, बसंती लारिया,किरण सेन,जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम, रजनी अहिरवार, गौरव चौधरी राजेश लिटौरिया, ध्रुव सिंह सिसौदिया, विशाल रावत, कमलापति रिछारिया,अवतार सिंह लोधी, दीपक पाराशर, संदीप सिंह बुंदेला,रुपेश साहू, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर, नरेंद्र कड़की,महामंत्री गण मनोज खटीक, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीतेश संज्ञा,बीणा जैन, ऋतु समाधियां, सुनीता पंथ, रामरती रैकवार, रानी जहां, राखी ताम्रकार,बन्दना तिवारी, अंकुर शानू बाबा,अज्जू बाबा, संजय रसिया, अनुज शर्मा, रोहित रावत,संघ कार्यकर्ता विवेक बोहरे एड, शीतल सिंह लोधी,भरत श्रीवास्तव, कुंजन सिंह लोधी एड, मनीष सड़ैया, डा तेजस्व श्रीवास्तव, जीतू राजा प्रधान, विवेक जैन, राजदीप जैन, विजय सिंह प्रधान कुंआतला,अमित तिवारी, ईं पुनीत पाण्डेय,अजय नायक सिंदवाहा, शीतल सिंह लोधी,आनन्द देवलिया, संजय अहिरवार,मौसम नायक, जगभान सिंह लोधी,जगदीश सिंह लोधी, रुपेश साहू शिक्षक आदि मौजूद रहे।

---

### पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति योजना के आवेदन बड़ी संख्या में लंबित

## कलेक्टर ने अनुपस्थित 5 अफसरों का लिया स्पष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के प्रमुख अधिकारियों के साथ मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड के अन्तर्गत माह अक्टूबर 2025 में विभिन्न विभागों/योजनाओं की समीक्षा हेतु बैठक की और खराब प्रगति वाले विभागों को फटकार लगाते हुए अपेक्षित सुधार करने के निर्देश दिये।

समीक्षा के दौरान पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के बड़ी संख्या में आवेदन अधिकारी की लापरवाही से विद्यालय स्तर पर लम्बित होने के कारण प्रगति खराब हुई, जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुए पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को फटकार लगाते हुए आज देर रात तक उन विद्यालयों की सूची जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराने और उन सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की कल शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराकर अग्रसारण की कार्यवाही की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनपद के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न होने पाए, इसके लिए रविवार को भी विद्यालय खोलकर पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक लम्बित आवेदनों को शत-प्रतिशत अग्रसारित कराकर अवगत करायें। मनरेगा की समीक्षा के दौरान उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देश दिये कि जनपद की सभी ग्राम पंचायतों जिनमें तालाबों पर अतिक्रमण है, उन्हें सम्बंधित उप जिलाधिकारी के सहयोग से कब्जामुक्त करायें और उनका मनरेगा योजनान्तर्गत सौंदर्यीकरण कराया जाए।



उन्होंने पीएम कृषक बीमा योजना के बीमित किसानों को कम्पनी द्वारा अब तक दी गई क्षतिपूर्ति की समीक्षा की, जिसमें कम्पनी द्वारा अपेक्षित क्षतिपूर्ति भुगतान न होने पर उप कृषि निदेशक को कम्पनी पर कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए उन्हें डीएम कार्यालय तलब किया जाए। बैठक के दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, जल निगम ग्रामीण, प्र0 मत्स्य अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने इन अधिकारियों के स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये । बैठक में पीडी डीआरडीए दीपक यादव, उपायुक्त मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बमबम आश्रम के समीप बन रही पुलिया, नपा अफसर बेखबर

# दुर्घटना संभावित स्थल पर बिना संकेतक और बैरिकेड्स लगाए बना रहे पुल



### दिन के साथ ही रात्रि में ज्यादा बनी हुई है दुर्घटनाओं की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पुरानी दूध डेयरी एवं बमबम आश्रम गोशाला के समीप स्थित सालों पुरानी खरला नाला पुलिया के जर्जर होने के चलते नगर पालिका द्वारा नए पुल का निर्माण करवाया जा रहा है। लेकिन, नगर पालिका ने जिस निर्माण एजेंसी को यह कार्य सौंप रखा उसने मौके पर किसी तरह के कोई खतरा सूचक संकेतक या बैरिकेड्स इत्यादि नहीं लगवाए हैं।

ऐसे में उक्त निर्माण स्थल पर दिन में तो कम लेकिन रात्रि में दुर्घटनाएं होने की संभावना काफी बनी हुई है। गौरतलब है कि जिस स्थान पर इस नए पुल का निर्माण किया जा रहा है वहां पुरानी दूध डेयरी की सड़क, एसपी बंगला रोड सड़क, उद्धभव नगर मार्ग एवं राजेश्वर कान्वेंट स्कूल की तरफ से आने वाली सड़कें आकर मिलती हैं। ऐसे में यह चैराहा दुर्घटनाओं के लिहाज से खासा खतरनाक है। इसके बावजूद बीते करीब सात-आठ महीने से चल रहे निर्माण के बावजूद न तो निर्माण एजेंसी और न ही नगर पालिका के जिम्मेदारों ने हादसों को रोकने डेंजर बोर्ड, बैरिकेड्स इत्यादि नहीं लगवाए हैं।

### इन दो तरफ की सड़कों से हादसे की ज्यादा संभावना

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुरानी दूध डेयरी तरफ के ढलान वाले रास्ते से रात्रि में आने वाला कोई भी बाईक सवार या चार पहिया वाहन संतुलन खो बैठा तो वाहन सीधे नाले में जाकर गिरेगा और बड़ी जनहानि हो सकती है। इसके साथ ही राजेश्वर कान्वेंट स्कूल की तरफ से आने वाली सड़क की ओर भी किसी तरह के कोई बैरिकेड्स नहीं लगवाए गए हैं। ऐसे में रात्रि के अंधेरे में खुला नाला नजर न आने पर कोई भी वाहन चालक कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकता है।

### रोजाना सैकड़ों की संख्या में गुजरते हैं वाहन

उल्लेखनीय है कि खरला नाला पुलिया जिसके समीप नवीन पुल का निर्माण किया जा रहा है, वहां से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में दो पहिया एवं चार पहिया वाहन गुजरते हैं। यह रास्ता राजगढ़ नगर के मेन मार्केट को पुरा क्षेत्र, जिला अस्पताल, खिलचीपुर नाका क्षेत्र की कॉलोनियों एवं रहवासी बस्तियों का प्रमुख आवाजाही वाला मार्ग है। ऐसे में निर्माण स्थल पर खतरा संकेतक एवं बैरिकेड्स लगाए जाने की नितांत आवश्यकता है।

**निर्देशित करता हूं**

मैं अभी निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को निर्देशित करता हूं कि वो मौके पर तुरंत खतरा संकेतकों के बोर्डस के साथ-साथ चारों तरफ बेरीकेट्स लगवाए।

पवन अवस्थी
सीएमओ, नगर पालिका, राजगढ़

## अधिकारियों के मध्य साझा किए कार्ययोजनाओं के प्लान

# आजीविका मिशन की दीदी ने दिल्ली में किया राजगढ़ का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सालों से अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार हेतु जहां बैंकों से लोन दिलवाए गए, उन्हें बैंक सखियों का दायित्व सौंपा गया, जिले के लाखों विद्यार्थियों की गणवेश सिलाई करवाकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया गया साथ ही अन्य योजनाएं चलाई गई हैं।

इसी कड़ी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा देश की राजधानी नई-दिल्ली में दो दिवसीय 'नव दिशा संवाद श्रृंखला' कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में समूचे मध्यप्रदेश के चार क्लस्टर लेबल फेडरेशन की अध्यक्षों ने सहभागिता की जिसमें राजगढ़ क्लस्टर से खिलचीपुर की अध्यक्ष श्रीमती अनीता दांगी भी सम्मिलित हुईं। कार्यशाला के दौरान श्रीमती दांगी ने आजीविका मिशन को और अधिक सुदृढ़ व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने मिशन द्वारा जिले में क्रियान्वियत योजनाओं, कार्यक्रमों, आयोजनों की



जानकारी अधिकारियों से सांझा की बल्कि आगामी उद्धेश्यों को लेकर भी अनेकों अधिकारियों, महिलाओं के बीच सहजता के साथ संवाद किया।

### यह था कार्यशाला का प्रमुख उद्धेश्य

उक्त कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य आगामी 2031 के लिए तक के लक्ष्य, इन लक्ष्यों की पूर्ति हेतु आजीविका मिशन की भूमिका एवं आगामी 2031 तक ग्रामीण भारत कैसा होना चाहिए, इस बारे में नवीन कार्ययोजनाओं, क्रियाकलापों एवं प्लानिंग से अवगत कराना था।

## स्वयं पोर्टल के प्रति विद्यार्थियों को किया गया जागरुक



**सारंगपुर।** शासन के आदेशानुसार स्थानीय मेडिकेयर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में स्वयं पोर्टल के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख डॉ. बलराज यादव की उपस्थिति रही तथा यह आयोजन शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोइया के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वयं की नोडल अधिकारी डॉ. अर्चना वर्मा ने विद्यार्थियों को स्वयं पोर्टल के कोर्सेस एवं रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी दी और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को पोर्टल पर पंजीयन करने हेतु प्रेरित किया।

## अवैध शराब कारोबारियों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

# 310 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

थाना ब्यावरा शहर पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना ब्यावरा शहर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 05 अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी, जहां से 'कुल 310 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब' बरामद की गई। जब्त की गई शराब की अनुमानित कीमत लगभग 62 हजार है। थाना ब्यावरा शहर पुलिस ने सभी मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा आगे की विवेचना जारी है।यह कार्रवाई थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ के नेतृत्व में की गई, जिसमें पुलिस बल एचसी भगवती प्रसाद साहू, एचसी लक्ष्मण सिंह मीणा, एचसी उमेश शर्मा, एचसी रमेश कर्मा, एचसी अशोक राठौर एवं अन्य स्टाफ का योगदान रहा।

### इन पर हुई कार्रवाई

अपराध 815/2025, धारा 34(2) आबकारी एक्ट। आरोपी कलाबाई हाड़ा, कटारियाखेड़ी बरामदगी। 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब।

अपराध 816/2025, धारा 34(2) आबकारी एक्ट। आरोपी सुमित्राबाई, कटारियाखेड़ी। बरामदगी 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब।

अपराध 817/2025, धारा 34(2) आबकारी एक्ट दिलखुश नैनावत दूधी। बरामदगी 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी।

अपराध क्रमांक 818/2025, धारा 34(2) आबकारी एक्ट आरोपी रचना , निवासी दुधी। बरामदगी 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब।

अपराध क्रमांक 822/2025, धारा 34(2) आबकारी एक्ट आरोपी चंदाबाई पति घनश्याम कंजर, निवासी कटारियाखेड़ी। बरामदगी 70 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब।

## युवाओं ने लगाई एक साथ दौड़

# खुजनेर में 'रन फॉर हेल्थ' कार्यक्रम का आयोजन




**खुजनेर।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वाधान में नगर में "रन फॉर हेल्थ" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्त रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विहिप जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने युवाओं से आह्वान किया कि "यदि हमें देश का भला करना है तो पहले स्वयं को नशा मुक्त और स्वच्छ बनाना होगा। स्वस्थ युवा ही सशक्त राष्ट्र की पहचान हैं इस अवसर पर बजरंग दल के कार्यकर्ता, नगर के स्कूली छात्र-छात्राएं और अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## हिरनखेड़ी का युवक फांसी पर झूला

**राजगढ़।** कोतवाली थानाक्षेत्रान्तर्गत आ रहे ग्राम हिरनखेड़ी में बुधवार शाम मानसिक रूप से परेशान 35 वर्षीय युवक ने घर पर ही फांसी का फंदा बनाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। गुरुवार को जिला अस्पताल की मार्चुरी में मृतक का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले जांच में लिए हैं। पुलिस के मुताबिक हिरनखेड़ी गांव निवासी कमल पिता रघुनाथ वर्मा उम्र 35 वर्ष मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। बुधवार शाम कमल ने अपने घर के कमरे के जंगले में ही फांसी का फंदा बनाकर खुद को मौत के गले लगा लिया। घटना के बाद पुलिस द्वारा मृतक को जिला अस्पताल लाया गया जहां गुरुवार सुबह पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया।

## कमरे का ताला टूटा हुआ था

# चौंडापुरा में चोरों ने कुएं से मोटर यूरिया, गेहूं की कट्टियां चुराईं



**खुजनेर।** खुजनेर क्षेत्र के ग्राम चौंडापुरा में किसानों की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कभी बिजली की समस्या तो कभी फसल के उचित दाम न मिलना कृ अब चोरी की घटनाओं ने किसानों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। ग्राम चैंडापुरा में अज्ञात चोरों ने एक किसान के खेत पर बने कुएं से जलधारा मोटर, यूरिया खाद की 10 बोरियां और दो गेहूं की कट्टियां चोरी कर लीं। बताया जा रहा है कि यह चोरी 8 नवम्बर की रात को हुई, जब किसान अपने खेत से घर लौट आया था। किसान के अनुसार, कुएं पर मोटर लगी हुई थी और पास के कमरे में खाद व अनाज रखा था। सुबह खेत पहुंचने पर किसान ने देखा कि मोटर गायब थी और कमरे का ताला टूटा हुआ था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आवेदक को मिला निर्माण श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र



**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा लोक सेवा के नियमानुसार तीस दिन में निर्माण श्रमिक पंजीयन प्रमाण दिया जाना आवश्यक है किंतु नगर पालिका शाखा में प्रमाण पत्र के लिए आवेदक लगातार चक्कर लगा रहा था मामला सीएमओ ज्योति सुनेरे के संज्ञान में आने के बाद आवेदक को प्रमाण पत्र मिला। मामले की जानकारी प्रेस नोट के माध्यम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ज्योति सुनहरे बताया की लंबे समय से लंबित एक निर्माण श्रमिक का पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करते हुए बताया कि। वार्ड क्रमांक 09 मोहल्ला शिवनगर निवासी मुकेश पिता श्यामलाल जाटव कई माह से निर्माण श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने के बावजूद परेशान थे।

## पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर लगा



**कुरावर।** न्यायोत्सव के अंतर्गत 9 नवंबर से 14 नवंबर तक चल रहे विधिक सेवा सप्ताह के अवसर पर गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र पीलूखेड़ी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर सत्र एवं जिला न्यायाधीश गौरव अग्रवाल तथा तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अशोक भारद्वाज उपस्थित रहे। इसके साथ ही एसडीएम नरसिंहगढ़ सुशील कुमार, जिला श्रम अधिकारी, नायब तहसीलदार कुरावर सुनीता सिंह और थाना प्रभारी कुरावर जितेंद्र सिंह मावई सहित कई अधिकारी शामिल हुए। एसडीएम सुशील कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विधिक साक्षरता समाज के हर वर्ग तक पहुंचना आवश्यक है। जिला श्रम अधिकारी ने श्रम कानूनों की जानकारी दी, वहीं न्यायाधीश गौरव अग्रवाल ने पोक्सो एक्ट और कार्यस्थल पर महिलाओं से संबंधित अपराधों की कानूनी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। औद्योगिक क्षेत्र पीलूखेड़ी के डायरेक्टर ने औद्योगिक संस्थानों में कानून पालन और श्रमिकों के हितों से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी न्यायाधीशों को दी। कार्यक्रम के अंत में न्यायाधीश अशोक भारद्वाज ने विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं, साइबर सुरक्षा और निशुल्क विधिक सहायता से जुड़ी जानकारी दी। श्रमिकों के अधिकारों से संबंधित कानूनों का प्रचार-प्रसार अधिक से अधिक किया जाए।

# 1550 किसानों को 2 करोड़ 40 लाख की भावांतर राशि प्राप्त

## मप्र भाजपा सरकार किसानों हित में कर रही है काम : विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



गुरुवार को कृषि उपज मंडी कार्यालय में सुबह 11 बजे मध्य प्रदेश सरकार की भावांतर योजना के अंतर्गत देवास से सीधे प्रसारण के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भावांतर योजना के पहला भाग में किसानों के खाते में भावांतर की राशि डाली गई। नगर की कृषि उपज मंडी में भी भावांतर योजना के पहले भाग में 1550 किसानों को 24 अक्टूबर से लेकर 6 नवंबर तक विक्रय की गई सोयाबीन के मॉडल रेट 4020 एवं समर्थन मूल्य 5328 के अंतर से अधिकतम 1308 की भावांतर राशि 1550 किसानों के खाते में 2 करोड़ 40 लाख रुपए के लगभग डाली गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि केंद्र एवं मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार किसानों के हित के लिए काम कर रही है अभी मध्य प्रदेश सरकार ने किसानों के खाते में मुआवजा राशि डाली है और आप किसानों के खाते में भावांतर की राशि भी आज डल चुकी है। अब मध्य प्रदेश सरकार ने बड़े हुए बिजली के बिलों में भी सचार्ज माफी की योजना भी लागू कर दी है जिससे सभी को लाभ पहुंचेगा।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पूरी गंभीरता से करने

# कलेक्टर ने मतदाताओं से सीधे किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में इन दिनों मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्य तेज गति के साथ चल रहा है। गत 04 नवंबर से आरंभ हुए इस पुनरीक्षण कार्य को सर्वोच्य प्राथमिकता एवं पूरी गंभीरता व पारदर्शी तरीके से करवाया जा रहा है।

इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा गुरूवार को ब्यावरा क्षेत्र में पहुंचे एवं बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर करवाए जा रहे उक्त कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधीश ने मतदाताओं से सीधे संवाद भी किया एवं संबंधित बूथों के बीएलओ को निर्देशित किया कि यदि फार्म भरने में मतदाता को किसी भी तरह की समस्या आए तो स्वयं की उपस्थिति में फार्म भरवाए जाएं। इस दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मतदान केंद्र क्रमांक 65, 67 एवं 68 का भ्रमण कर कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। कलेक्टर ने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से ई.एफ. फॉर्म-6, 7, 8 एवं 8-ए के वितरण और संकलन, साथ ही बीएलओ ऐप पर ऑनलाइन फीडिंग प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने वर्ष 2003 या उससे पूर्व जन्मे पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के कार्य की स्थिति भी जानकारी ली।

### पूरी तरह सटीक पारदर्शी एवं अद्यतन रहे जिले की सूची

इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए एसआईआर का यह कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि एसआईआर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत संचालित एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाना है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक चरण में फील्ड वेरीफिकेशन, फॉर्म सत्यापन एवं समयबद्ध ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करें ताकि जिले की मतदाता सूची पूरी तरह सटीक और अद्यतन रहे।

## गजेंद्र गोस्वामी आईपीएल के फाइनल चयन मैच खेलेंगे



**ब्यावरा।** शहर के भंवरगंज मौहल्ले में रहने वाले 27 वर्षीय गजेन्द्र गोस्वामी को चयन प्रदर्शन के लिए हैदराबाद बुलाया गया, जहां राजीव गांधी स्टेडियम में 14-15 नवंबर को दो मैच खेल जाएंगे। इस दौरान हैदराबाद टीम के बोलिंग कोच वरुण आरोन खेल प्रदर्शन के आधार आईपीएल टीम के लिए फाइनल नाम तय करेंगे। इससे पहले नगर के गजेन्द्र को चयन के लिए पुणे में आयोजित सन राइजर हैदराबाद टीम के कैम्प में बुलाया गया था, जहां देश के कुछ प्रतिभावान खिलाड़ी ही शामिल हुए थे, जिसमें से 20 खिलाड़ी ही फाइनल प्रदर्शन के लिए चयनित किए गए है। गजेन्द्र गोस्वामी लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर है, जो इसके पूर्व कई बार आईपीएल की नेट बॉलर के रुप में राजस्थान रॉयल और दिल्ली केपिटल की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ प्रैक्टिस कर चुके है। इस प्रदर्शन मैच में यदि गजेन्द्र चयनित होते है तो वह वर्ष 2026 में होने वाली लीग में टीम सनराइज हैदराबाद की तरफ से आईपीएल में नजर आ सकते है। गजेन्द्र गोस्वामी नगर में स्वयं की क्रिकेट एकेडमी का संचालन करते है, क्रिकेट में रुचि रखने वाले बच्चे और युवा एकेडमी में ज्वॉइन होकर अपने सपने पूरे करने के प्रयास में लगे है। इस उपलिब्ध पर उनके शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## 7 करोड़ 32 लाख की सड़क निर्माण कार्यों का हुआ शुभारंभ

# देवलखेड़ा से करनवास तक निकाली एकता पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित "एकता पदयात्रा के तीसरे दिवस पर देवलखेड़ा से करनवास तक विशाल पदयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार, सांसद रोडमल नागर, तथा विधायक अमर सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान 7 करोड़ 32 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सड़क निर्माण कार्य जिनमें 4 करोड़ 71 लाख रुपए से निर्मित होने वाली ग्राम पूनरखेड़ी से नापलियाखेड़ी तथा ग्राम देवलखेड़ा से कौड़यि जोड़ तक 2 करोड़ 61 लाख की लागत से निर्मित होने वाली सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।' इस दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि "रन फॉर



यूनिटी" और "एकता पदयात्रा" का उद्देश्य राष्ट्र के प्रति समर्पण, उत्तरदायी शासन और जनभागीदारी की भावना को सशक्त बनाना है। उन्होने कहा कि जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गहरा विश्वास है। मुख्यमंत्री द्वारा कल ही एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ से अधिक की राशि प्रदान की है और वहीं आज गुरुवार को देवास से भावांतर योजना की राशि का अंतरण किया गया, जो किसानों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। मंत्री पंवार ने सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुए कहा कि देश की सैकड़ों रियासतों को एकसूत्र में पिरोकर उन्होंने अखंड भारत का निर्माण किया। आज हम सब एक हैं तो यह उन्हीं की देन है।

### पदयात्रा एकता व अखंडता का संदेश

सांसद रोडमल नगर ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने सांप्रदायिकता, भाषावाद और जातिवाद को समाप्त कर पूरे देश में राष्ट्रवाद की भावना जगाई। उन्होंने कहा कि एकता पदयात्रा का उद्देश्य इन्हीं आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सशक्त बनाना है।